INDIAN SCHOOL MUSCAT

MIDDLE SECTION

Coordinating Staff : *Mrs. Lakshmi Shekhawat*
Subject: Hindi (Third Language) **Worksheet No: 7**
Date of Issue: __ -11-18 **Signature of Teacher:**

Name:______________________________ Roll No. ____ Class 8 & Sec. ______

अव्यय-भेद (क्रियाविशेषण)

जो अव्यय शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, वे 'क्रियाविशेषण' कहलाते हैं। जैसे - धीरे-धीरे, अचानक, लगातार, कहाँ, उधर, अधिक, अंदर, ध्यानपूर्वक, सदा, तुरंत, अभी-अभी, ऊपर, दाएँ, बाएँ, भीतर, साथ, कल, लगातार,बहुत, कम ।

(क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्दों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए।

1 सभी छात्र शिक्षिका की बातें ध्यानपूर्वक सुन रहे थे। ----------------

2 चौकीदार अभी-अभी चला गया। ----------------

3 तुम कहाँ चले गए थे? ----------------

4 अंकिता यहाँ बैठी है। ----------------

5 इस बार वर्षा अधिक हुई। ----------------

6 नितिन बाज़ार से तुरंत आ गया। ----------------

7 सभी लोगों को प्रेमपूर्वक रहना चाहिए। ----------------

8 वह व्यक्ति धीरे- धीरे चल रहा है। ----------------

9 सड़क पर हाथियों का झुंड धीरे-धीरे चल रहा था। ----------------

10 अचानक बारिश शुरू हो गई। ----------------

(ख) निम्नलिखित रिक्त स्थानों को उचित क्रिया विशेषण शब्दों से भरिए।

1 स्कूल बस के सामने एक छात्रा ---------------- आ गई।

2 गाड़ी ---------------- चल रही है।

3 आप मेरे ---------------- बैठिए।

4 वे लोग ---------------- ही आ रहे हैं। ।

5 घोड़ा ---------------- दौड़ता है।

कार्य पत्रिका- संबंधबोधक (Post-position)

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ लगकर उसका संबंध अन्य वाक्यों से बताते हैं, उन्हें ' संबंधबोधक अव्यय ' कहते हैं। जैसे - के बाद, के आगे, के पीछे, के नीचे, के सिवाय, के अलावा, के सहारे, की जगह, के साथ, से बाहर, के खिलाफ़, के चारों ओर, के बगैर, के कारण, के लिए, के मारे, के बराबर, के ऊपर, के अंदर, के सामने, के पहले।

(क) निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक अव्यय को रेखांकित करके लिखिए।

1 सुप्रिया के पास हिंदी की किताब है। ----------------

2 दर्द के मारे मुझसे चला नहीं जा रहा है। ----------------

3 साहिल बगीचे के बाहर क्रिकेट खेल रहा है। ----------------

4 चोर घर के अंदर घुस गए हैं। ----------------

5 गाड़ी समय से पहले स्टेशन पर आ गई। ----------------

6 अध्यापक के पास मेरी पुस्तक है। ----------------

7 उस पहाड़ के ऊपर एक मंदिर है। ----------------

8 बीमारी के कारण उसकी आवाज़ नहीं निकल रही थी। ----------------

9 वह शहर गाँव से दूर है। ----------------

(ख) निम्नलिखित रिक्तस्थानों को उचित संबंधबोधक शब्दों से भरिए।

1 रवि अपनी बहन ---------------- मेला देखने गया ।

2 वह पहाड़ी ---------------- भागा जा रहा था।

3 मेरे विद्यालय ---------------- एक दुकान हैं।

4 नदी ---------------- एक छोटा-सा गाँव था।

5 पंखों ---------------- पक्षी आसमान में कैसे उड़ सकते हैं?

(ग) निम्नलिखित संबंधबोधक शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1 के ऊपर: --

2 के किनारे :--